नैक )NAAC (द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय ,वर्धा**

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya**

)संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997] क्रमांक के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय (

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

---

# गांधी जयंती पर हिंदी विश्वविद्यालय में दीपोत्सव का आयोजन
# शहर में होगा गांधी आरोग्य दीपोत्सव

दि. 30 सितंबर 2019 : राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में 'गांधी दीप उत्सव' मनाया जाएगा। इस अवसर पर गांधी हिल्स के साथ-साथ सभी छात्रावासों,भवनों और आवासीय परिसरों में दीप जलाकर गांधी जी को अभिवादन किया जाएगा। पूर्वाह्न 10.30 बजे गांधी हिल्स पर महात्मा गांधी की प्रतिमा का पुष्पार्पण एवं माल्यार्पण किया जाएगा। 11.00 बजे शिक्षा विद्यापीठ में रामधुन एवं चरखा चलाने का कार्यक्रम होगा। 11.45 बजे विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रजनीश कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में आयोजित व्याख्यान में कविकुलगुरु कालिदास संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. श्रीनिवास वरखेडी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। अपराह्न 4.00 बजे 'कहां गए गांधी' नाटक का मंचन तुलसी भवन, गालिब सभागार में किया जाएगा। शाम को विश्वविद्यालय परिसर में दीप जलाए जाएंगे।

इसी श्रृंखला के अंतर्गत शहर के विभिन्न स्थानों एवं चौराहों पर सायं 7.00 बजे विभिन्न सामाजिक एवं शैक्षणिक संगठनों के माध्यम से ने दीप प्रज्ज्वलित कर गांधी जी को अभिवादन किया जाएगा।

इस उत्सव को 'आरोग्य दीप उत्सव' नाम दिया गया है। गांधी जी स्वच्छता के आग्रही थे और स्वच्छता के लिए उनके विचारों को हम एक स्वस्थ समाज बनाने की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। इसी भावना के साथ हम स्वच्छता और आरोग्य के प्रति सचेत होकर समाज को उनकी जयंती के निमित्त एक सकारात्मक और स्वस्थ संदेश दे सकते हैं।

इस अवसर पर सभी वर्धावासियों से निवेदन किया गया है कि बुधवार, 2 अक्टूबर को अपने -अपने घर, परिसर में तथा शहर के महत्वपूर्ण चौराहों पर मिट्टी के दीप जलाकर गांधी जी को अभिवादन करें। इस उपक्रम को एक लोकोत्सव के रूप में परिवर्तित करने की दिशा में यदि हम प्रयास करेंगे तो यह हम सभी के लिए एक पर्यटक उद्यम साबित होगा।

इस उपक्रम में शहर के अग्रगामी स्कूल, अग्निहोत्री ग्रुप, दुर्गा पूजा उत्सव समिति, पब्लिक रिलेशन्स सोसायटी ऑफ इंडिया,वर्धा चैप्टर ग्राम सेवा मंडळ,ग्राम सेवा मंडल,यशवंतराव दाते स्मृति संस्था, जनहित मंच, विवेकानंद केंद्र, संस्कार भारती, प्रियदर्शिनी महिला महाविद्यालय, वैद्यकीय जनजागृति मंच, दुर्गा हनुमान मंदिर, लॉयंस क्लब ऑफ गांधी सिटी,लॉयन्स क्लब वर्धा ट्रस्ट,हेल्पिंग

हार्ट्स चैरिटेबल ट्रस्ट, केसरीमल कन्या विद्यालय, न्यू इंग्लिश हायस्कूल, प्रजापिता ब्रम्हकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, युवा सोशल फोरम, रत्नीबाई हायस्कूल, जीएस कॉमर्स महाविद्यालय, निसर्ग सेवा समिति, सुशील हिम्मतसिंगका विद्यालय, बजरंग दल, मगन संग्रहालय सिमति, राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, स्पोर्ट क्लब, विश्व हिंदू परिषद, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद,अखिल भारतीय हिंदू महासभा, बहार नेचर फाउडेशन

आदि संस्थाओं के माध्यम से वर्धा शहर के कार्ला चौक, सोशालिस्ट चौक, शिवाजी चौक, आर्वी नाका, पावड़े चौक, शास्त्री चौक, बजाज चौक, आरती चौक, ठाकरे मार्केट, धुनीवाले चौक, गांधी पुतला, झांसी रानी चौक, डॉ. अंबेडकर चौक, हुतात्मा स्मारक सेवाग्राम रोड, राजकला रोड, साई मंदिर चौक, सानेवाडी हिंद नगर, भगत सिंह चौक, इंदिरा चौक, पंजाबराव देशमुख कॉलनी में गांधीजी की 150वीं जयंती प्रीत्यर्थ सांध्य 7.00 बजे दीये जलाकर दीपोत्सव मनाया जाएगा। इस उपलक्ष्य में स्वच्छता अभियान भी चलाया जाएगा। उक्त आयोजन में शामिल होने की अपील विश्वविद्यालय की ओर से की गयी है।